to minimise the adverse effects of drought on production of crops and livestock, productivity of land, water and human resources and to achieve ultimately the drought proofing of the drought prone areas and to control desertification. Presently 615 blocks in 95 districts of 13 States are covered under DPAP. Under DDP 131 blocks in 21 districts of 5 States are covered.

भानु प्रताप समिति द्वारा की गई सिफारिशें

4420. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भानु प्रताप समिति ने कृषि नीतियों और कार्यक्रमों के विभिन्न पहलुओं पर कई वर्ष पूर्व अपना प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत कर दिया था, और उस प्रति-वेदन में कतिपय सिफारिशें की थीं ; और

(ख) सरकार ने समिति की सिफारिशों पर अब तक क्या कार्यवाही की है और सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही करेगी?

कृषि मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) श्री भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बनी कृषि नीति और कार्यक्रमों संबंधी उच्च शक्ति प्राप्त समिति ने 1990 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है ।

(ख) दिनांक 14-5-93 को सभा पटल पर रखे मसौदा कृषि नीति संकल्प को तैयार करने में समिति के विचारों पर विचार किया गया है ।

व्यापक कृषि विकास परियोजना

4421. श्री ईश दत्त यादव : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापक कृषि विकास परियोजना के अन्तर्गत किन-किन योजनाओं के लिये विश्व बैंक से सहायता की मांग की थी;

(ख) यदि हां, तो विश्व बैंक से कितनी सहायता की मांग की गई;

(ग) उत्तर प्रदेश में उक्त परियोजना के अन्तर्गत इन योजनाओं को किन-किन स्थानों पर शुरू किये जाने की संभावना है ;

(घ) यह परियोजना कब तक पूरी हो जायेगी ;

(ङ) क्या विश्व बैंक ने इसके लिये कोई सहायता प्रदान की है ; और

(च) यदि हां, तो विश्व बैंक से सहायता प्राप्त करने के लिये क्या-क्या कदम उठाये गये हैं ?

गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री और कृषि मंत्रालय में राज्यमंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस. कृष्ण कुमार): (क) विश्व बैंक की सहायता की मांग हेतु गहन कृषि विकास परियोजना के लिये ऐसा कोई प्रस्ताव उत्तर प्रदेश से नहीं मिला है ।

(ख) से (च): ये प्रश्न नहीं उठते ।